भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †1047
सोमवार, 29 जुलाई, 2024/7 श्रावण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन क्षेत्र की परियोजनाएं

†1047. श्री प्रवीण पटेल:
श्री नरेश गणपत म्हस्के:
श्रीमती दग्गुबाती पुरंदेश्वरी:
श्री हरीभाई पटेल:
डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे:

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रधान मंत्री द्वारा शुरू की गई स्वदेश दर्शन और प्रशाद योजनाओं के अंतर्गत 1,400 करोड़ रुपये से अधिक लागत की बावन पर्यटन क्षेत्र परियोजनाओं की प्रगति का ब्यौरा क्या है, तथा इनकी पूर्णता दर और वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) इन परियोजनाओं से जुड़े अनुमानित आर्थिक प्रभाव और रोजगार सृजन के आंकड़ें, जो देश में विशेष रूप से महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश और गुजरात राज्यों में प्रासंगिक आंकड़ों द्वारा प्रमाणित हों, का ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार द्वारा उठाए गए उपायों और इन परियोजनाओं की स्थिरता और पर्यावरणीय अनुकूलता सुनिश्चित करने के लिए उपयोग किए गए मापदंडों जिसमें विशिष्ट पर्यावरणीय प्रभाव का आकलन भी शामिल है, का ब्यौरा क्या है;

(घ) इन परियोजनाओं के क्षेत्रीय वितरण का ब्यौरा क्या है, प्रत्येक राज्य में परियोजनाओं की संख्या कितनी है तथा पर्यटकों की संख्या में कितनी वृद्धि होने की उम्मीद है; और

(ङ) देश भर में विशेष रूप से महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश और गुजरात राज्यों में अतिरिक्त पर्यटन परियोजनाओं के लिए भविष्य की योजनाएं और विशिष्ट लक्ष्य क्या हैं, समय-सीमा और बजट आवंटन क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ड.) : कुल 52 परियोजनाओं में से 9 परियोजनाओं के प्रमुख घटक भौतिक रूप से पूरे हो चुके हैं। स्वदेश दर्शन 2.0 और 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक, विरासत, संवर्धन अभियान (प्रशाद)' योजनाओं के तहत शुरू की गई शेष परियोजनाएं कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं। इन 52 परियोजनाओं का विवरण अनुबंध-I में दिया गया है।

पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन' और 'प्रशाद' योजनाओं के तहत देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

जबकि स्वदेश दर्शन के संशोधित संस्करण स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) का उद्देश्य पर्यटन स्थलों का स्थायी और जिम्मेदार विकास करना है, वहीं प्रशाद योजना का उद्देश्य चिह्नित किए गए स्थलों पर तीर्थयात्रा/आध्यात्मिक पर्यटन अवसंरचना विकास का कार्य करना है। स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत, राज्य सरकारों को स्थायी पर्यटन स्थलों के निर्माण के लिए समग्र योजना पर ध्यान केंद्रित करते हुए कई पुनरावृत्तियों में गंतव्य मास्टर प्लान, कार्यनीति और कार्य योजना विकसित करने की आवश्यकता है। मास्टर प्लान में गंतव्यों पर स्थायित्व, वहन क्षमता, पैदल यात्रियों की संख्या, कार्यान्वयन योग्य परियोजनाओं से प्राप्त होने वाले आर्थिक लाभ आदि का आकलन किया जाएगा। पर्यटन मंत्रालय द्वारा स्वीकृत परियोजनाएं पर्यटकों/तीर्थयात्रियों के गुणवत्तापूर्ण पर्यटन अनुभव को समृद्ध बनाने पर केंद्रित हैं, जिसके फलस्वरूप गंतव्यों पर आर्थिक गतिविधि में वृद्धि होगी।

पर्यटन मंत्रालय, पर्यटन क्षेत्र में नौकरियों की राज्य-वार संख्या के आँकड़े नहीं रखता है। तथापि भारत में पर्यटन क्षेत्र में रोजगार परिदृश्य निम्नानुसार है:-

| क्र सं | वित्तीय वर्ष | नौकरियों की संख्या (मिलियन में) |
|---|---|---|
| 1. | 2020-21 | 68.07 |
| 2. | 2021-22 | 70.04 |
| 3. | 2022-23 | 76.17 |

स्रोत: तीसरा पर्यटन उपग्रह खाता, **2015-16** और आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण डेटा से संबंधित दौर।

इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय ने मिशन लाइफ के तहत पर्यटन क्षेत्र के लिए ट्रैवल फॉर लाइफ (टीएफएल) नामक कार्यक्रम की परिकल्पना की है, जिसका उद्देश्य सतत पर्यटन के बारे में जागरूकता पैदा करना और पर्यटकों और पर्यटन व्यवसायों को प्रकृति के साथ तालमेल बिठाने वाले सतत अभ्यासों को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यटन में स्थिरता को मुख्यधारा में लाना और एक सतत, जिम्मेदार और लचीला पर्यटन क्षेत्र विकसित करना है और वृत्तीय अर्थव्यवस्था और बड़े पैमाने पर व्यवहार परिवर्तन पर ध्यान केंद्रित करना है।

पर्यटन मंत्रालय ने सतत पर्यटन पर एक राष्ट्रीय रणनीति भी तैयार की है जिसका उद्देश्य भारत में कम कार्बन, समावेशी और लचीले पर्यटन क्षेत्र के निर्माण के लिए आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय लाभों को बढ़ाना है।

पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के तहत विकास के लिए 32 राज्यों में 57 स्थलों की पहचान की है। इसके अलावा, मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना की 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास' (सीबीडीडी) नामक उप-योजना में 42 गंतव्यों का भी चयन किया है। स्वदेश दर्शन और प्रशाद योजना के तहत पहचाने गए स्थलों का विवरण अनुबंध-**II** में दिया गया है।

*******

अनुबंध-I

श्री प्रवीण पटेल, श्री नरेश गणपत म्हस्के, श्रीमती दग्गुबाती पुरंदेश्वरी, श्री हरीभाई पटेल और डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे द्वारा पर्यटन क्षेत्र की परियोजनाएं के संबंध में दिनांक 29.07.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †1047 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में विवरण

52 परियोजनाओं का शुभारंभ/लोकार्पण का विवरण

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | योजना | गंतव्य |
|---|---|---|---|
| | | शुभारंभ | |
| **1.** | आंध्र प्रदेश | प्रशाद | अन्नावरम मंदिर, काकीनाडा जिले का विकास |
| **2.** | आंध्र प्रदेश | प्रशाद | श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी वारीदेवस्थानम, सिंहाचलम, विशाखापट्टनम जिले का विकास |
| **3.** | आंध्र प्रदेश | एसडी | अराकू-लम्बासिंगी, अराकू में बोर्रा केव एक्सपीरियंस |
| **4.** | अरुणाचल प्रदेश | एसडी | मेचुका, मेचुका एडवेंचर पार्क |
| **5.** | अरुणाचल प्रदेश | एसडी | मेचुका, मेचुका सांस्कृतिक हाट |
| **6.** | अरुणाचल प्रदेश | एसडी | नाचो, अनलॉक नाचो अभियान |
| **7.** | असम | एसडी | कोकराझार, कोकराझार वेटलैंड एक्सपीरियंस |
| **8.** | असम | एसडी | जोरहाट, सिन्नामारा टी एस्टेट रीइमैजिंग |
| **9.** | बिहार | प्रशाद | आमी मंदिर, सारण जिले का विकास |
| **10.** | गोवा | प्रशाद | बेसिलिका ऑफ बोम जीसस चर्च, ओल्ड गोवा जिले में विकास कार्य |
| **11.** | हिमाचल प्रदेश | प्रशाद | ऊना जिले में मां चिंतपूर्णी मंदिर का विकास |
| **12.** | कर्नाटक | प्रशाद | पापनाश शिव मंदिर, बीदर जिले का विकास |
| **13.** | कर्नाटक | प्रशाद | श्री रेणुका येल्लम्मा मंदिर, सवदत्ती, बेलगावी जिले का विकास |
| **14.** | कर्नाटक | प्रशाद | श्री चामुंडेश्वरी देवी मंदिर, मैसूर जिले में विकास कार्य |
| **15.** | कर्नाटक | एसडी | हम्पी, 'ट्रैवलर नुक्स' की स्थापना |
| **16.** | कर्नाटक | एसडी | मैसूर, टोंगा राइड हेरिटेज एक्सपीरियंस जोन |
| **17.** | कर्नाटक | एसडी | मैसूर, ईकोलोजिकल एक्सपीरियंस जोन |
| **18.** | केरल | एसडी | कुमारकोम, कुमारकोम पक्षी अभयारण्य एक्सपीरियंस |
| **19.** | लद्दाख | एसडी | लेह, जूले लेह जैव विविधता पार्क |
| **20.** | लद्दाख | एसडी | कारगिल, एलओसी और हुंडरमन विलेज एक्सपीरियंस एक्सप्लोरिंग |
| **21.** | मध्य प्रदेश | प्रशाद | श्री पीताम्ब्रा पीठ मंदिर, दतिया जिले में विकास कार्य |
| **22.** | मध्य प्रदेश | एसडी | ग्वालियर, फूलबाग एक्सपीरियंस जोन |
| **23.** | मध्य प्रदेश | एसडी | चित्रकूट, चित्रकूट के घाटों से आध्यात्मिक एक्सपीरियंस |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **24.** | मेघालय | एसडी | सोहरा, मेघालयन एज केव एक्सपीरियंस |
| **25.** | मेघालय | एसडी | सोहरा, वॉटरफाल ट्रेल्स एक्सपीरियंस |
| **26.** | मिजोरम | प्रशाद | वांछिया, चम्फाई जिले में विकास कार्य |
| **27.** | नागालैंड | एसडी | चुमौकेदिमा, मिडवे रिट्रीट में जनजातीय सांस्कृतिक एक्सपीरियंस |
| **28.** | पुडुचेरी | प्रशाद | श्री धरबरण्येश्वर मंदिर, थिरुनल्लार, कराईकल जिले में विकास कार्य |
| **29.** | पुडुचेरी | एसडी | कराईकल, कराईकल बीच और वाटरफ्रोंट एक्सपीरियंस |
| **30.** | पंजाब | एसडी | कपूरथला, कांजिली वेटलैंड में इको टूरिज्म एक्सपीरियंस |
| **31.** | राजस्थान | प्रशाद | करणी माता मंदिर, बीकानेर जिला में विकास |
| **32.** | राजस्थान | एसडी | बूंदी, स्पिरिचुअल एक्सपीरियंस, केशोरायपाटन |
| **33.** | सिक्किम | एसडी | गंगटोक, गंगटोक सांस्कृतिक गांव |
| **34.** | सिक्किम | एसडी | ग्यालशिंग, युकसोम क्लस्टर में इको-वेलनेस एक्सपीरियंस |
| **35.** | तमिलनाडु | प्रशाद | तमिलनाडु के तंजावुर और मयिलादुथुराई जिले में नवग्रह मंदिरों में विकास कार्य:<br>• श्री कैलासनाथर मंदिर, थिंगलूर<br>• गुरु भगवान मंदिर, अलंगुडी<br>• श्री नागनाथ मंदिर, तिरुनागेश्वरम<br>• श्री सूर्यनार मंदिर, तिरुविदाईमरुथुर, सूर्यनार कोविल<br>• श्री अग्निश्वर मंदिर, कंजानूर<br>• श्री वैथीश्वरन मंदिर, वैथीश्वरन कोविल<br>• श्री नागनाथ स्वामी मंदिर, कीलापेरुम्पल्लम<br>• सुवेथारण्यश्वर मंदिर, थिरुवेंकाडु |
| **36.** | तमिलनाडु | एसडी | मामल्लपुरम, शोर मंदिर में इमर्सिव एक्सपीरियंस |
| **37.** | तेलंगाना | एसडी | भोंगीर, भोंगीर किला एक्सपीरियंसियल जोन |
| **38.** | तेलंगाना | एसडी | अनंतगिरि, अनंतगिरि वन में इको टूरिज्म जोन |
| **39.** | तेलंगाना | प्रशाद | बालकमपेट येल्लम्मा मंदिर, हैदराबाद में विकास |
| **40.** | उत्तराखंड | एसडी | पिथौरागढ़, गुंजी में ग्रामीण पर्यटन क्लस्टर एक्सपीरियंस |
| **41.** | उत्तराखंड | एसडी | चंपावत, चाय बागान एक्सपीरियंस |
| **42.** | उत्तर प्रदेश | एसडी | नैमिषारण्य, वैदिक- वेलनेस एक्सपीरियंस |
| **43.** | उत्तर प्रदेश | एसडी | प्रयागराज, आजाद पार्क और देखो प्रयागराज ट्रेल एक्सपीरियंस |
| | | लोकार्पण | |
| **44.** | बिहार | एसडी | सुल्तानगंज (आध्यात्मिक परिपथ) |
| **45.** | बिहार | एसडी | मंदार (आध्यात्मिक परिपथ) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **46.** | बिहार | एसडी | भितिहरवा (ग्रामीण परिपथ) |
| **47.** | बिहार | एसडी | वैशाली ( तीर्थंकर परिपथ) |
| **48.** | जम्मू और कश्मीर | प्रशाद | हजरतबल दरगाह, श्रीनगर जिला का विकास |
| **49.** | मध्य प्रदेश | प्रशाद | अमरकंटक मंदिर, अन्नूपुर जिला का विकास |
| **50.** | मेघालय | एसडी | उत्तर-पूर्वी परिपथ का विकास |
| **51.** | राजस्थान | एसडी | चूरू (आध्यात्मिक परिपथ) |
| **52.** | तेलंगाना | प्रशाद | जोगुलम्बा देवी मंदिर, जोगुलंबा गढ़वाल जिले का विकास |

*******

अनुबंध-**II**

श्री प्रवीण पटेल, श्री नरेश गणपत म्हस्के, श्रीमती दग्गुबाती पुरंदेश्वरी, श्री हरीभाई पटेल और डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे द्वारा पर्यटन क्षेत्र की परियोजनाएं के संबंध में दिनांक 29.07.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †10**47** के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में विवरण

स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत चिह्नित स्थलों की सूची

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | चयनित/अधिसूचित गंतव्य |
|---|---|---|
| **1.** | आंध्र प्रदेश | गंडिकोटा, अरक्कू-लम्बासिंगी |
| **2.** | अरुणाचल प्रदेश | नाचो, मेचुका |
| **3.** | असम | जोरहाट, कोकराझार |
| **4.** | बिहार | गया, नालंदा |
| **5.** | छत्तीसगढ़ | बिलासपुर, जगदलपुर |
| **6.** | गोवा | पोरवोरिम, कोलवा |
| **7.** | गुजरात | धोलावीरा, द्वारका |
| **8.** | हरियाणा | पंचकुला (मोरनी) |
| **9.** | हिमाचल प्रदेश | पौंग बांध |
| **10.** | जम्मू और कश्मीर | बाशोली |
| **11.** | झारखंड | चांडिल |
| **12.** | कर्नाटक | हम्पी, मैसूर |
| **13.** | केरल | कुमारकोम, कोझिकोड (बेपोर) |
| **14.** | मध्य प्रदेश | ग्वालियर, चित्रकूट |
| **15.** | महाराष्ट्र | सिंधुदुर्ग, अजंता-एलोरा (जिला छत्रपति सम्भाजीनगर) |
| **16.** | मणिपुर | मोइरांग (बिष्णुपुर) |
| **17.** | मेघालय | शिलांग, सोहरा |
| **18.** | मिजोरम | आइजोल, चम्फाई |
| **19.** | नागालैंड | न्यूलैंड, चुमुकेदिमा |
| **20.** | ओडिशा | कोरापुट, देबरीगढ़ के साथ-साथ 'खिंडा गांव' का विशेष आकर्षण |
| **21.** | पंजाब | अमृतसर, कपूरथला |
| **22.** | राजस्थान | बूंदी (केशोरायपाटन), जोधपुर |
| **23.** | सिक्किम | गंगटोक, ग्यालशिंग |
| **24.** | तमिलनाडु | मामल्लपुरम, द नीलगिरी |
| **25.** | तेलंगाना | भोंगीर, अनंतगिरी |
| **26.** | त्रिपुरा | अगरतला, उनाकोटी |
| **27.** | उत्तर प्रदेश | प्रयागराज, नैमिषारण्य |
| **28.** | उत्तराखंड | पिथौरागढ़, चंपावत |
| **29.** | चंडीगढ़ | चंडीगढ़ |

| | | |
|---|---|---|
| **30.** | लक्षद्वीप | लक्षद्वीप |
| **31.** | पुडुचेरी | पुडुचेरी, कराईकल |
| **32.** | लद्दाख | लेह, कारगिल |
| | कुल | 57 |

प्रशाद योजना के तहत चिह्नित परियोजनाओं की सूची

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | परियोजना/विषय |
|---|---|---|
| **1** | आंध्र प्रदेश | अन्नावरम, जिला काकीनाडा |
| **2** | आंध्र प्रदेश | वेदागिरी लक्ष्मी नरसिम्हास्वामी मंदिर, जिला नेल्लोर |
| **3** | बिहार | सिमरिया घाट, जिला बेगूसराय |
| **4** | बिहार | आमी मंदिर, जिला सारण |
| **5** | छत्तीसगढ़ | कुदरगढ़ मंदिर, जिला सूरजपुर |
| **6** | गोवा | बोम जीसस, पुराना जिला गोवा |
| **7** | गुजरात | श्री नीलकंठ महादेव मंदिर, सुनक, जिला मेहसाणा |
| **8** | हिमाचल प्रदेश | मां चिंतपूर्णी मंदिर, जिला ऊना |
| **9** | जम्मू और कश्मीर | उत्तरबेहनी और पुरमंडल, जिला सांबा |
| **10** | कर्नाटक | श्री रेणुका यल्लम्मा मंदिर, सौदत्ती, जिला बेलगावी |
| **11** | कर्नाटक | पापनाश मंदिर, जिला बीदर |
| **12** | मध्य प्रदेश | श्री पीताम्बर पीठा, जिला दतिया |
| **13** | मध्य प्रदेश | शनिदेव मंदिर, जिला मुरैना |
| **14** | महाराष्ट्र | श्री घृष्णेश्वर शिवालय जिला छत्रपति संभाजी नगर |
| **15** | महाराष्ट्र | तुलजापुर, जिला धाराशिव |
| **16** | महाराष्ट्र | श्रे क्षेत्र राजूर, गणपति मंदिर, जिला जालना |
| **17** | मिजोरम | वांगछिया, जिला चम्फाई |
| **18** | ओडिशा | चौसठ योगिनी मंदिर, रानीपुर, झरियाल, जिला बलांगीर |
| **19** | ओडिशा | किचिंग में माँ किचकेश्वरी मंदिर, ज़िला मयूरभंज |
| **20** | पुडुचेरी | नवगृह मंदिर- श्री धारबरण्येश्वर मंदिर और आध्यात्मिक पार्क, जिला कराईकल |
| **21** | पंजाब | दुर्गाना मंदिर, जिला अमृतसर |
| **22** | राजस्थान | श्री करणी माता मंदिर, जिला बीकानेर |
| **23** | राजस्थान | सूर्य मंदिर, बुधाहिता, जिला कोटा |
| **24** | राजस्थान | मालासेरी डूंगरी |
| **25** | तमिलनाडु | तमिलनाडु में **8** स्थानों पर नवगृह मंदिर<br>**1.** श्री कैलासनाथर मंदिर, थिन्गालूर, जिला तंजावुर |

| | | |
|---|---|---|
| | | **2.** गुरु भगवान मंदिर, अलंगुडी, जिला तंजावुर<br>**3.** श्री नागनाथर मंदिर, तिरुनागेश्वरम, जिला तंजावुर<br>**4.** श्री सूर्यनार मंदिर, तिरुविदाईमारुथुर, सूर्यनार कोविल, जिला तंजावुर<br>**5.** श्री अग्निश्वरर मंदिर, कंजानूर, जिला तंजावुर<br>**6.** श्री वैथीश्वरन मंदिर, वैथीश्वरन कोविल, जिला मयिलादुथुराई<br>**7.** श्रीनागनाथ स्वामी मंदिर, कीलापेरुमपल्लम, जिला मयिलादुथुराई<br>**8.** सुवेथारण्यश्वरर मंदिर, तिरुवेनकाडु, जिला मयिलादुथुराई |
| **26** | तेलंगाना | बालकमपेट, जिला हैदराबाद में देवी येल्लम्मा मंदिर |
| **27** | उत्तर प्रदेश | आदिगुरु शंकराचार्य द्वारा स्थापित श्री काली मंदिर, चौक, जिला-लखनऊ |
| **28** | उत्तर प्रदेश | ब्रज, जिला मथुरा के तीर्थ स्थल |
| **29** | उत्तराखंड | टिमर्सियन महादेव (देवनाथ), जिला चमोली |

स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत, 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास' नामक एक उप-योजना के तहत चिह्नित किए गए स्थलों की सूची।

क. संस्कृति और विरासत स्थल

| क्र. सं. | गंतव्य | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र |
|---|---|---|
| 1. | नागार्जुन सागर | आंध्र प्रदेश |
| 2. | भागलपुर | बिहार |
| 3. | जिला सारण (सोनपुर मेला) | बिहार |
| 4. | काजा | हिमाचल प्रदेश |
| 5. | बीदर | कर्नाटक |
| 6. | वर्कला | केरल |
| 7. | मांडू | मध्य प्रदेश |
| 8. | अहमदनगर | महाराष्ट्र |
| 9. | लैंगथबल कोनुग | मणिपुर |
| 10. | मावफलांग गांव | मेघालय |
| 11. | व्हाइट टाउन | पुडुचेरी |
| 12. | फिरोजपुर (हुसैनीवाला बॉर्डर) | पंजाब |
| 13. | तंजावुर | तमिलनाडु |
| 14. | नलगोंडा | तेलंगाना |
| 15. | महोबा | उत्तर प्रदेश |
| 16. | वडनगर | गुजरात |

ख. आध्यात्मिक गंतव्य

| क्र. सं. | गंतव्य | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र |
|---|---|---|
| 1. | अहोबिलम | आंध्र प्रदेश |
| 2. | पोरबंदर | गुजरात |
| 3. | रामरेखा बांध | झारखंड |
| 4. | थालास्सेरी | केरल |
| 5. | ओरछा | मध्य प्रदेश |
| 6. | नर्टियांग गांव | मेघालय |
| 7. | इमपुर गांव | नागालैंड |
| 8. | रूपनगर (आनंदपुर साहिब) | पंजाब |
| 9. | काबी, मंगन | सिक्किम |
| 10. | रामेश्वरम द्वीप | तमिलनाडु |
| 11. | कैंचीधाम | उत्तराखंड |

ग. इको पर्यटन और अमृतधरोहर गंतव्य

| क्र. सं. | गंतव्य | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र |
|---|---|---|
| **1.** | बिचोम बांध | अरुणाचल प्रदेश |
| **2.** | शिवसागर | असम |
| **3.** | मयाली बगीचा | छत्तीसगढ़ |
| **4.** | मायेम गांव | गोवा |
| **5.** | थोल गांव | गुजरात |
| **6.** | उडुपी | कर्नाटक |
| **7.** | मुश्कोह गांव | लद्दाख |
| **8.** | लक्षद्वीप | लक्षद्वीप |
| **9.** | दोयंग रिजरवॉयर | नागालैंड |
| **10.** | कामारेड्डी | तेलंगाना |

घ. वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम गंतव्य

| क्र.सं. | गंतव्य | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र |
|---|---|---|
| **1.** | किबिथो | अरुणाचल प्रदेश |
| **2.** | रक्छम, छितकुल | हिमाचल प्रदेश |
| **3.** | नाथांग | सिक्किम |
| **4.** | जादुंग | उत्तराखंड |
| **5.** | माना गांव | उत्तराखंड |

*******